ई–मेल/स्पीड पोस्ट

प्रेषक,

अध्यक्ष
कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/
अपर जिला जज,
जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर के परिसर में वर्ष 2024–25 हेतु चाय, नमकीन, मिष्ठान आदि की कैण्टीन पश्चिमी गेट के ठेके की नीलामी दिनांक 16.03.2024 को होनी थी, जोकि निविदाकर्ताओं द्वारा कैण्टीन पश्चिमी गेट के ठेके से सम्बन्धित नियम व शर्तों का अनुपालन ना किये जाने के कारण माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा निरस्त की जा चुकी है। उक्त कैण्टीन पश्चिमी गेट के ठेके की नीलामी खुली बोली के माध्यम से पुनः दिनांक 22.03.2024 को समय 4:30 बजे नजारत अनुभाग के सामने आयोजित होनी है। उक्त के प्रकाशन कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से कोई भी अनुदान उपलब्ध नहीं होती है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि शासकीय हित में आप अपने अधीनस्थ को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह उक्त नीलामी का प्रकाशन अनिवार्य रूप से दिनांक 21.03.2024 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराकर, प्रकाशन की सूचना ई–मेल एवं डाक के माध्यम से प्रकाशित समाचार पत्रों की प्रति के साथ हर स्थिति में दिनांक 22.03.2024 तक अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

दिनांक :– 20.03.2024

संलग्न– निविदा की शर्तों का प्रारूप।

20.3.2024

अध्यक्ष
कैन्टीन ठेका नीलामी समिति/
अपर जिला जज,
जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर।

खुली बोली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, शाहजहॉपुर के परिसर में कैन्टीन का ठेका वर्ष 2024–2025 (01–04–2024 से 31–03–2025) के लिये दिनांक 16.03.2024 को समय अपराहन 02:00 बजे तक के लिये मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की गयी थीं। जो कि उसी दिन समय सायं 4 बजे ठेका समिति अध्यक्ष के विश्राम कक्ष में खोली गयी थीं, परन्तु अधिकतम बोली भरे जाने वाले निविदाकर्ता द्वारा कैण्टीन की शर्तों का अनुपालन ना किये जाने के कारण समिति की संस्तुति व माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन उपरांत दिनांक 18.03.2024 को सम्पूर्ण निविदा प्रकिया निरस्त की जा चुकी है।

उक्त सम्पूर्ण कैण्टीन ठेके की प्रकिया नये सिरे से पुनः की जानी है, ठेके से सम्बन्धित जानकारी नजारत अनुभाग में दिनांक 22.03.2024 को समय अपराहन 3 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। खुली बोली नीलामी की प्रकिया दिनांक 22.03.2024 को समय 4:30 बजे नजारत अनुभाग के सामने सम्पन्न की जायेगी। खुली बोली बोलने से पूर्व सभी बोलीकर्ता मु0 रू0 50000.00 नगद नजारत अनुभाग में जमा करेंगे, नगद धनराशि के साथ आधार कार्ड व निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगी।

उक्त सम्पूर्ण कैण्टीन ठेके की न्यूनतम बोली पूर्व वित्तीय वर्ष 2023–24 की कैण्टीन नीलामी की 10 प्रतिशत अधिक कर के मु0 रू0 448565.00 की होगी।

20.3.2024

दिनांक : 20.03.2024

अध्यक्ष
ठेका नीलामी समिति
अपर जिला जज
जनपद न्यायालय, शाहजहॉपुर।

नगर क्षेत्र, शाहजहॉपुर

1. जनपद न्यायालय, नोटिस बोर्ड, शाहजहॉपुर।
2. कार्यालय नजारत, जजी, शाहजहॉपुर।
3. जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहॉपुर।
4. नगर पालिका, शाहजहॉपुर।
5. भारतीय स्टेट बैंक, टाउन हाल, शाहजहॉपुर।
6. पी0डब्लू0डी0, शाहजहॉपुर।
7. जिला पंचायत कार्यालय, शाहजहांपुर।
8. कम्प्यूटर कक्ष में जनपद न्यायालय, शाहजहॉपुर की बेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु प्रति।
9. बाहय न्यायालय, तिलहर, जलालाबाद, पुवायां के नोटिस बोर्ड।